# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–11 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

कल प्रयागराज महाकुंभ में माघी पूर्णिमा स्नान होगा। इस अमृत स्नान का हिस्सा बनने के लिए करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज–महाकुंभनगर पहुंच चुके हैं। श्रद्धालुओं का आना लगातार जारी है। प्रदेश सरकार ने माघी पूर्णिमा स्नान के सफल आयोजन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***आज सुबह 4 बजे से पूरे मेला क्षेत्र में निजी गाडियों का आना–जाना वर्जित है। इसके अतिरिक्त आज शाम 5 बजे से नो व्हीकल जोन निर्देश का पूरे प्रयागराज शहर में लागू है। इस अवधि के दौरान केवल आपातकालीन और आवश्यवक सेवाओं को ही आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। यह विशेष यातायात योजना कल माघी पूर्णिमा स्नान के समापन तक प्रभावी रहेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक विशेष समीक्षा बैठक की थी। अधिकारियों को अतिरिक्त विशेष मेला ट्रेनों और परिवहन निगम की बसों को तैनात करके प्रयागराज रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड को रोकने की भी निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार के लिए प्रयागराज से आदर्श।***

माघी पूर्णिमा स्नान के साथ ही प्रयागराज में एक महीने से प्रवास कर रहे दस लाख से अधिक कल्पवासी अपना कल्पवास भी पूरा करेंगे। इस बीच, उत्तर रेलवे ने बताया है कि प्रयागराज के महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज तिरानबे से अधिक रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर ने बताया है कि प्रयागराज के सभी आठ स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से ट्रेन रद्द होने से संबंधित अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया।

**********

कल माघी पूर्णिमा स्नान और संत रविदास जयंती के कारण वाराणसी जिले में भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं।

संत रविदास जयंती की तैयारियों को देखने के लिए वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने सीर गोवर्धनपुर के संत रविदास मंदिर का आज दौरा किया।

अयोध्या में भी श्रीरामलला के दर्शन के लिए आज करीब दस लाख से अधिक लोग पहुंचे हैं। भारी भीड़ को देखते हुए अयोध्या धाम के विद्यालयों को चौदह फरवरी तक बंद कर दिया गया है।

**********

वाराणसी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए दशाश्वमेध घाट पर होने वाली प्रसिद्ध गंगा आरती का सांकेतिक आयोजन किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं की प्रवेश वर्जित रहेगा। गंगा आरती की आयोजक संस्था ने बताया कि बिना किसी आवाज के गंगा आरती की जाएगी।

**********

राष्ट्रवादी विचारक, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की आज पुण्यतिथि मनाई जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सबका साथ–सबका विकास का भाव ही अन्त्योदय का भाव है।

***पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी का जो कहना था वह कि देश की प्रगति का मापक ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति से नहीं, बल्कि सबसे निचले पायदान पर जो व्यक्ति पड़ा है उसके चेहरे की खुशहाली से की जानी चाहिए। उनकी सोच अन्त्योदय की सोच थी। आज आप देख रहे होंगे कि पिछले ग्यारह वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में, मोदी जी ने दो हजार चौदह में जो बातें देश के नागरिकों से कहीं थीं। उनसे जब पूछा गया कि वास्तव में भारत के विकास का रोडमैप आपके पास क्या है उन्होंने एक शब्द में उसको कहा था एक वाक्य में कहा था कि सबका साथ और सबका विकास होगा। और ये सबका साथ और सबके विकास का भाव ही अन्त्योदय का भाव है।***

मऊ जिले में भी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने गाजीपुर तिराहा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनकी पुण्यतिथि पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

**********

मिर्जापुर जिले के कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के शाहपुर चौसा के सामने हाइवे पर आज सुबह एक कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गये। यह सभी लोग वाराणसी से मिर्जापुर होते हुए मुंबई जा रहे थे।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल से चौदह फरवरी तक तेज सतही हवाएं चलने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा।

**********